हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, बुधवार 22 जुलाई 2026

12 उच्च तापमान पर कार्य करने वाले उन्नत थर्मोइलेक्ट्रिक...



12 एचएसवीपी के सेक्टर-5 में गहराया जल संकट...



## खबर संक्षेप

### हरियाणा पुलिस संगठन की बैठक आज 10 बजे

**हिसार।** हरियाणा पुलिस संगठन की जिला इकाई की आम बैठक बुधवार 22 जुलाई को सुबह 10 बजे क्रांतिमान पार्क में होगी। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह स्याहड़वा करेंगे। यह जानकारी देते हुए संगठन में जिला उप प्रधान रामरूप शर्मा ने बताया कि बैठक में संगठन की नई कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा बैठक में नए सदस्य भी बनाए जाएंगे। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है।

### सीढ़ियों से फिसलकर गिरने से मजदूर की मौत

**हिसार।** रायपुर गांव स्थित एक प्लाइवुड फैक्टरी में देर रात बड़ा हादसा हो गया। बारिश के कारण सीढ़ियों पर पैर फिसलने से एक 51 वर्षीय मजदूर गौतम गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। गौतम (51 वर्ष), निवासी गोपालगंज (बिहार)। मृतक गौतम मूल रूप से बिहार के गोपालगंज का रहनो वाला था और वह करीब डेढ़ माह पहले ही फैक्टरी में काम करने आया था। पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई की है। मंगलवार को नागरिक अस्पताल के शवगृह में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की मौत

**हिसार।** नियाणा में किराना दुकान चलाने वाले 37 वर्षीय नवीन की जहरीले पदार्थ के सेवन से मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों के अनुसार नवीन कई दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था, जिसके चलते उसने रविवार दोपहर को जहरीला पदार्थ खा लिया था। तबीयत बिगड़ने पर उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूचना मिलने पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने मंगलवार दोपहर बाद शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और केस की जांच शुरू कर दी है।

### बुलेट से पटाखे बजाने पर 16000 का चालान

**बरवाला।** मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर बुलेट बाइक से पटाखे जैसी आवाज निकालने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक बुलेट बाइक चालक का 16,000 रुपये का चालान किया। ट्रैफिक टीम के प्रभारी उप निरीक्षक जयबीर द्वारा बरवाला बाइपास पर वाहन चेकिंग के दौरान एक बुलेट बाइक को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान बाइक में मॉडिफाइड साइलेंसर लगा हुआ पाया गया, जिससे पटाखे जैसी तेज आवाज निकल रही थी। इसके अलावा वाहन चालक आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमानुसार 16,000 रुपये का चालान किया गया।



हिसार। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के सांकेतिक पुतले का दहन करते जनसंगठन।




हांसी। रोष प्रदर्शन करते विद्यार्थी।

# लाठीचार्ज के खिलाफ बार एसो. धरने पर संगठनों ने फूंका केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला

## राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे, नीट पीड़ितों को मुआवजे और सोनम वांगचुक की रिहाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्र-युवाओं पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज और हिंसक दमन की गूंज अब हिसार में भी सुनाई देने लगी है। घटना के विरोध में जहां बार एसोसिएशन ने चार दिवसीय धरना शुरू कर दिया है, वहीं विभिन्न जन संगठनों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंककर अपना रोष प्रकट किया।

बार एसोसिएशन ने प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे, नीट पीड़ितों को मुआवजे और सोनम वांगचुक की तुरंत रिहाई की मांग की है। घटना के विरोध में जिला बार एसोसिएशन हिसार के बैनर तले वकीलों ने जिला न्यायालय परिसर स्थित बार रूम के समीप चार दिवसीय सांकेतिक धरना शुरू कर दिया है जो शुक्रवार तक जारी रहेगा। धरने के पहले दिन वकीलों ने उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

धरने पर जिला बार एसोसिएशन हिसार के प्रधान एडवोकेट प्रदीप सिंह बाज़िया, उप प्रधान राहुल सिंह, सचिव समीर सिहाग, सह सचिव साहिल मदेरणा, कोषाध्यक्ष आशा रानी बाल्यान, महेंद्र सिंह नैन, जेएस मल्ही, कलम सिंह सहरावत, जगदीश राय बिश्नोई, दलीप जाखड़, राजेश कुमार बनोट, गंगाराम, डॉक्टर अर्जुन सिंह, राजबीर पुनिया, विक्रमजीत मित्तल, लाल बहादुर खोवाल, गौरव बेनीवाल, कुलदीप देशवाल, अजय चौधरी, अनेंद्र सिंह लौरा, राजेश जाखड़, दिलीप जाखड़, अजीत काजला, सतेंद्र घणघस, राजवीर सिंह मोर, दक्षेश जाखड, बजरंग इंदल, तोशिफ चौधरी, स्वेता शर्मा, राजपाल मलिक, हिमांशु खोवाल, लक्की सैनी आदि मौजूद रहे।



### ज्ञापन में उठाई गई प्रमुख मांगें

बार एसोसिएशन ने डीसी को माध्यम से राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निष्पक्ष, स्वतंत्र और उच्च स्तरीय न्यायिक जांच तथा दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त कानूनी और विभागीय कार्रवाई, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का तत्काल अपने पद से इस्तीफा, घायल छात्रों को तुरंत समुचित चिकित्सा सुविधा और उचित मुआवजा उपलब्ध कराना, नीट प्रकरण से हताश होकर आत्महत्या करने वाले छात्र-छात्राओं के परिजनों को दो-दो करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने तथा जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को तत्काल प्रभाव से रिहा किया जाए और आंदोलन से जुड़े निर्दोष युवाओं पर दर्ज सभी मुकदमे वापस लिए जाने की मांग की है।

### छात्रों पर बर्बर पुलिस दमन के खिलाफ किसान सभा का कड़ा विरोध

**हिसार।** जन संगठनों ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे छात्र-युवाओं पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए बर्बर लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोलों के इस्तेमाल तथा हिंसक दमन की कड़ी निंदा की है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया और छात्रों के विशाल एवं शांतिपूर्ण आंदोलन को पूरी तरह न्यायोचित बताते हुए उनके संघर्ष के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की है। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लगातार हो रहे प्रश्नपत्र लीक मामलों के लिए जवाबदेही तय करने, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तथा भ्रष्ट और विफल राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को समाप्त करने की मांग को लेकर हजारों छात्र-युवा पिछले कई दिनों से लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे थे। लोकतंत्र में अपनी आवाज उठाना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन केंद्र सरकार ने उनकी मांगों को सुनने के बजाय पुलिसिया दमन का रास्ता अपनाया है, जो बेहद निंदनीय है। किसान सभा हरियाणा व जनसंगठनों ने इस पूरे घटनाक्रम की तत्काल न्यायिक जांच, दोषी अधिकारियों की पहचान तथा उनके विरुद्ध कड़ी एवं उदाहरणात्मक कार्रवाई की मांग की। घायलों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग की। इस मौके पर माकपा जिला सचिव दिनेश सिवाच, सर्व कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, किसान सभा के नेता शमशेर नंबरदार, कपूर बगला, सतबीर धायल, महिला नेता शकुंतला जाखड़, विद्या, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के नेता नरेश गौतम, मनोहर लाल जाखड़, खेत मजदूर यूनियन नेता रोहतास राजली, मोहन लाल राजली, मुकेश कुमार, अशोक बुरा, ऋषिकेश राजली, सुरेश जांगड़ा आदि ने संबोधित किया।

# हांसी में छात्रों ने रोष मार्च निकाल सोनम वांगचुक के समर्थन में उठाई आवाज

**हांसी।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में चल रहे आंदोलन तथा नीट पेपर लीक मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को हांसी में छात्र-छात्राओं ने रोष मार्च निकाला। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई।

रोष मार्च की शुरुआत अंबेडकर चौक से हुई, जो बड़सी गेट और उमरा गेट से होते हुए जाट धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुआ। प्रदर्शन में शामिल छात्र हाथों में तख्तियां और बैनर लिए हुए थे, जिन पर सोनम वांगचुक के साथ न्याय करो, पेपर लीक बंद करो, शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो और छात्रों की आवाज मत दबाओ जैसे नारे लिखे हुए थे। पूरे मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को बुलंद किया। रोष मार्च का नेतृत्व कर रहे निशांत तंवर ने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे थे, लेकिन उन्हें वहां से जबरन हटाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक के विरोध में अपने भविष्य की सुरक्षा की मांग कर रहे छात्र-छात्राओं पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए और लाठीचार्ज किया गया, जो बेहद निंदनीय है। यदि सरकार ने छात्रों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। रोष मार्च में हितेश कांगरा, अमन, रोहित, रमन, अमित, वंश राणा, सनी दुग्गल, विनय, अंकित सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और छात्रों ने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगें प्रशासन और सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया।



### जंतर मंतर पर लाठीचार्ज के विरोध में तहसीलदार को सौंपा मांगों का ज्ञापन

**आदमपुर।** आदमपुर बार एसोसिएशन के प्रधान सतपाल भाभू तथा सचिव सुनील खिलेरी ने दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे मासूम छात्रों पर लाठीचार्ज करने की निंदा करते हुए एसोसिएशन की तरफ से तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। प्रधान भांभू व सचिव खिलेरी ने नीट पेपर लीक मामले में दिल्ली के जंतर मंतर से संसद तक शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे मासूम छात्रों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज करने लोकतंत्र की हत्या करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है। छात्रों का भविष्य लूटने की साजिश रचने के बाद अब उनकी आवाज दबाने के लिए लाठियां बरसाई जा रही हैं। यह बेहद शर्मनाक, निंदनीय और असंवैधानिक है।

# हांसी में कुंदनापुर रोड पर साइकिल से जा रहे चौथी कक्षा के छात्र को ट्रैक्टर ने कुचला

## ट्रैक्टर सवार एक व्यक्ति फरार, दूसरे ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

कुंदनापुर रोड पर मंगलवार शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल से जा रहे चौथी कक्षा के 10 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। ट्रैक्टर की चपेट में आने से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे तुरंत उपचार के लिए नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी 10 वर्षीय विनय पुत्र रमेश के रूप में हुई है। वह चौथी कक्षा का छात्र था। विनय मंगलवार दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे अपनी साइकिल पर कुंदनापुर रोड की ओर जा रहा था। कि इसी दौरान पीछे से आए एक ट्रैक्टर ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे विनय साइकिल सहित सड़क पर गिरा और ट्रैक्टर के नीचे आ गया।



■ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का रहने वाला था विनय



### उपचार के दौरान तोड़ा दम, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय ट्रैक्टर पर दो लोग सवार थे। लेकिन दुर्घटना के बाद एक व्यक्ति मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरा व्यक्ति घायल बच्चे को लेकर तुरंत नागरिक अस्पताल पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम और अनाज मंडी पुलिस चौकी से एसआई अनिल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। जांच अधिकारी एसआई अनिल ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। बयान और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हादसे के कारणों की भी जांच कर रही है।

# कपड़ा व्यापारी को फिर आया रंगदारी के लिए कॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कपड़ा व्यापारी सुभाष काठपाल से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में एक बार फिर से कॉल करके धमकी दी गई है। दोबारा धमकी भरी कॉल आने से व्यापारी काठपाल डरा हुआ। हालांकि मामले की गंभीरता को देखते पुलिस द्वारा व्यापारी को सुरक्षा दे दी गई है। उधर, पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन का कहना है कि पुलिस मामले की गंभीरता से छानबीन में जुटी है।

बता दें कि करीब एक सप्ताह पूर्व क्लॉल मार्केट स्थित अमन शॉल के संचालक सुभाष काठपाल को एक विदेश नंबर से कॉल आई थी, जिसे उन्होंने रिसीव नहीं किया। इसके बाद उन्हें एक वॉयस मैसेज मिला और मैसेज भेजने वाले ने खुद को आरजू बिश्नोई बताते हुए 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी। रंगदारी नहीं देने पर दो दिन में गोली मारने की धमकी भी दी।

# हांसी में अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर छह एकड़ में बना रोड नेटवर्क किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) विभाग और नगर परिषद की संयुक्त टीम ने मंगलवार को अवैध कॉलोनी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 6 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रही कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। यह अवैध कॉलोनी कुंदनापुर रोड स्थित कृष्णा एन्क्लेव के पास गोकुलधाम के नजदीक विकसित की जा रही थी। टीम ने जेसीबी की मदद से कॉलोनी में बनाई गई कंक्रीट ब्लॉक सड़कों के नेटवर्क और प्लॉटों की डीपीसी को पूरी तरह उखाड़ दिया। अभियान का नेतृत्व जिला नगर योजनाकार दिनेश सिंह ने किया। इस दौरान नगर परिषद हांसी के कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र सोनी ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान फील्ड इंस्पेक्टर सपना, एनफोर्समेंट पुलिस और स्थानीय पुलिस बल भी तैनात रहे। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में यह कार्रवाई करीब 3 घंटे तक चली और शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

■ डीटीपी बोले- प्लॉट खरीदने से पहले करें वैधता की जांच

■ भारी पुलिस बल की मौजूदगी में की गई कार्रवाई



### अवैध कॉलोनियों पर जारी रहेगी कार्रवाई

डीटीपी दिनेश सिंह ने बताया कि विभाग हांसी और आसपास के क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रहा है। इससे पहले भी कई स्थानों पर अवैध कॉलोनियों में निर्मित सड़कें, डीपीसी और अन्य निर्माण ध्वस्त किए जा चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी बिना लाइसेंस विकसित की जाने वाली कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। डीटीपी ने आमजन से अपील की कि किसी भी कॉलोनी में प्लॉट खरीदने या निवेश करने से पहले उसकी वैधता की पूरी जांच अवश्य करें।

# बस से 40 किलोग्राम चांदी चुराने में एमपी के दो लोग पकड़े, करीब 11 किलो बरामद

**हांसी।** सीआईए-2 हांसी ने बस से करीब 40 किलो चांदी चोरी के चर्चित मामले का खुलासा करते हुए मध्य प्रदेश के दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 10 किलो 930 ग्राम चोरीशुदा चांदी भी बरामद की है। एएसआई मुकेश कुमार ने बताया कि 30 अप्रैल 2026 को थाना सदर हांसी में फतेहाबाद निवासी दीपक की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार उसका कारीगर नवीन मथुरा से लगभग 40 किलो चांदी लेकर बस से फतेहाबाद लौट रहा था कि बस हांसी के निकट एक होटल पर रुकने के दौरान अज्ञात व्यक्ति चांदी से भरा बैग चोरी कर फरार हो गए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### हैदर अली व जुबेर खान के रूप में हुई पहचान



सीआईए-2 की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों व सुराग के आधार पर पुलिस ने मध्य प्रदेश के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मध्य प्रदेश के धार जिले के पराया फाटा वार्ड नंबर-1 निवासी हैदर अली तथा धार जिले के गांव खैरवा निवासी जुबेर खान के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली और अपनी निशानदेही पर चोरी शुदा चांदी बरामद करवाई। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी जुबेर खान की निशानदेही पर 4 किलो 648 ग्राम तथा हैदर अली की निशानदेही पर 6 किलो 282 ग्राम चांदी बरामद की गई। इस प्रकार पुलिस ने कुल 10 किलो 930 ग्राम चांदी बरामद कर अपने कब्जे में ली। पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद दोनों आरोपियों को दोबारा अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले में अन्य आरोपियों तथा शेष चोरीशुदा चांदी की बरामदगी को लेकर जांच जारी रखे हुए है।

**खेलकूद** | खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को आज बांटे जाएंगे पुरस्कार

# कबड्डी में मोठ और खो-खो में कोथ कलां के छात्र विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में लड़कों में अंडर 17 वर्षीय वर्ग में सृष्टि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल मोठ के खिलाड़ियों ने कबड्डी में पहला स्थान प्राप्त किया वहीं खो-खो में कोथ कलां के सरकारी स्कूल ने बाजी मारी। सभी विजेता खिलाड़ियों को बुधवार को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। बुधवार को लड़कियों के मुकाबले खेले जाएंगे। नारनौंद ब्लॉक के खंड स्तरीय तीन दिवसीय खेलों में लड़कों के वर्ग में जोरदार मुकाबले खेले गए। जिनमें अंडर 17 वर्षीय में कबड्डी के फाइनल मुकाबले में सृष्टि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल मोठ के खिलाड़ियों ने भैणी अमीरपुर सरकारी स्कूल की टीम को हराकर जीत हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया।



### वॉलीबाल में आरोही स्कूल खेड़ी लोहचब ने की टीम अव्वल

अंडर 19 वर्षीय में नौरंगमल स्कूल कापड़ो ने पहला ओर सृष्टि स्कूल मोठ ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। खो-खो में कोथ कलां के सरकारी स्कूल की टीम ने पहला ओर नारनौंद के सरकारी स्कूल की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वॉलीबाल में आरोही स्कूल खेड़ी लोहचब ने पहला और सरकारी स्कूल पेटवाड़ की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 वर्षीय वर्ग में सरकारी स्कूल भैणी अमीरपुर की टीम ने पहला ओर मोठ के सरकारी स्कूल की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बास्केटबॉल न्यू आदर्श स्कूल लोहारी राघो ने पहला स्थान प्राप्त किया।

### 3 हजार मीटर दौड़ में टैगोर स्कूल नारनौंद का अर्यांश प्रथम

अंडर 19 वर्षीय दौड़ में 400 मीटर में उपासना स्कूल नारनौंद के खिलाड़ी आर्यन ने पहला। 100 मीटर में उपासना स्कूल के अरमान ने पहला स्थान प्राप्त किया। तीन हजार मीटर दौड़ में टैगोर स्कूल नारनौंद के खिलाड़ी अर्यांश ने पहला स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 वर्षीय वर्ग में 400 मीटर दौड़ में टैगोर स्कूल नारनौंद के खिलाड़ी वीरेन ने पहला, न्यू आदर्श स्कूल लोहारी राघो के खिलाड़ी मयंक ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 वर्षीय में 100 मीटर दौड़ में सृष्टि स्कूल मोठ के खिलाड़ी मोहित ने पहला ओर अमन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 19 वर्षीय शॉट पुट में कोथ कलां सरकारी स्कूल के खिलाड़ी आर्यन ने पहला स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 वर्षीय वर्ग में शॉट पुट में टैगोर स्कूल नारनौंद के खिलाड़ी नैतिक ने पहला, राहुल ने दूसरा, हर्षित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 19 वर्षीय लांग जंप में उपासना स्कूल के खिलाड़ी आर्यन ने पहला, टैगोर स्कूल भव्य ने दूसरा स्थान पर रहे। अंडर 19 वर्षीय डिस्कस थ्रो में टैगोर स्कूल नारनौंद के खिलाड़ी भव्य ने पहला ओर जतिन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 वर्षीय वर्ग में कोथ कलां के सरकारी स्कूल के खिलाड़ी अर्यान ने पहला, टैगोर स्कूल नारनौंद के आदित्य ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।



## रेखा मेरे करीब बैठतीं और मुझे सहज महसूस कराती थीं : शेखर

**नई दिल्ली।** साल 1984 में आई फिल्म 'उत्सव' से शेखर सुमन ने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ रेखा लीड रोल में थीं। हाल ही में शेखर ने एक बातचीत में बताया कि उस समय रेखा इंडस्ट्री की बड़ी स्टार थीं, लेकिन उन्होंने कभी उन्हें ये एहसास नहीं होने दिया कि वो फिल्मों में नए कलाकार हैं। शेखर ने एक बातचीत के दौरान कहा कि कई बड़े सितारे अपने स्टारडम का असर सेट पर दिखाते हैं, लेकिन रेखा का स्वभाव बिल्कुल अलग था। वह उनके साथ बैठतीं, बातें करतीं और उन्हें सहज महसूस कराती थीं। इसी वजह से कैमरे के सामने काम करना उनके लिए आसान हो गया। एक्टर ने कहा, 'उन्होंने शुरू से ही ऐसा किया।

लाइफ Style

# साहिबा

## कोई नेशनल न्यूज नहीं है मेरी डेटिंग लाइफ

एक्टर और डिजिटल क्रिएटर साहिबा बाली ने अपनी पर्सनल लाइफ और अर्जुन कपूर के साथ डेटिंग की अफवाहों पर होने वाली कवरेज की आलोचना की है और लोगों से कहा है कि वे ज्यादा जरूरी मुद्दों पर ध्यान दें।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उनका यह बयान लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर हुई एक सभा की फोटो शेयर करने के बाद आया। हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ पर मिल रही अटेंशन पर प्रतिक्रिया देते हुए साहिबा बाली ने कहा कि उनकी डेटिंग लाइफ कोई नेशनल न्यूज नहीं है और मीडिया से अपील की कि वे ऐसी कहानियों पर ध्यान दें जो सच में लोगों का ध्यान खींचने लायक हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'डियर मीडिया, लंदन में मेरी डेटिंग लाइफ/दोस्ती के बारे में अंदाजे लगाना बंद करो, यह कोई नेशनल न्यूज़ नहीं है। अगर दिखाना ही है तो कुछ अच्छा दिखाओ'। साहिबा का यह बयान तब आया है जब अर्जुन कपूर के साथ उनके डेटिंग की अफवाहें तेजी से फैल रही थीं। यह चर्चा तब शुरू हुई जब दोनों को लंदन के मशहूर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे मैच के दौरान एक साथ देखा गया, जिससे सोशल मीडिया पर काफी बातें होने लगीं। इस चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए, साहिबा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अर्जुन के साथ एक तस्वीर शेयर की और एक मजाकिया कैप्शन के साथ इन अफवाहों को खारिज करने की कोशिश की, जिसमें लिखा था, 'हर बात पर यकीन न करें'।



### हॉलीवुड मसाला




## पर्दे पर फिर लौटेगा सुपरहीरो डेडपूल...

**नई दिल्ली।** भारत में मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के बैनर तले बनने वालीं सुपरहीरोज मूवीज का क्रेज काफी देखने को मिलता है। कैप्टन अमेरिका से लेकर स्पाइडर मैन तक तमाम एमसीयू मूवीज ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। इसके अलावा डेडपूल भी मार्वल का वह सुपरहीरो कैरेक्टर है, जिसे इंडिया में काफी पसंद किया जाता है। अब खबर आ रही है कि एमसीयू डेडपूल 4 की तैयारी में लगा हुआ है, जिसका कन्फर्मेशन हॉलीवुड अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स की तरफ से आया है।



## अवेंजर्स ... का ट्रेलर रिलीज लौट गए कैप्टन अमेरिका

**लॉस एंजिल्स।** बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डॉक्टर डूम से लड़ने के लिए क्रिस हेम्सवर्थ और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स व अन्य जगहों के कई सुपरहीरो वापस आए हैं। पहले ट्रेलर में पिछली मार्वल और एक्स-मेन फिल्मों के कई मशहूर किरदार दिखाई देते हैं। एवेंजर्स सीक्वल के पहले ट्रेलर में एक बड़ी टीम दिखाई गई है। ये लोग दुनिया को बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं। थोर (क्रिस हेम्सवर्थ) असल लीडर की भूमिका निभाते हैं। थोर चेतावनी देता है कि अगर वे अभी एक साथ नहीं खड़े हुए, तो उनकी पिछली कुर्बानियां बेकार चली जाएंगी। वह उनसे अपनी छोटी-मोटी लड़ाइयां भुलाकर लड़ने के लिए कहता है। दो मिनट 26 सेकंड का यह ट्रेलर एक जबरदस्त रीयूनियन के साथ खत्म होता है।



## सलमान की मातृभूमि का नया पोस्टर जारी


**मुंबई।** मेकर्स ने फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर साझा किया है। इसी के साथ निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया (एक्स) पर शेयर किया गया है। पोस्टर के साथ लिखा गया है- 'एक सैनिक का वादा। एक परिवार की ताकत। एक राष्ट्र का गौरव।' इस पोस्टर के हिसाब से 'मातृभूमि' इसी साल रिलीज होगी। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक रिलीज की पक्की तारीख नहीं बताई है, लेकिन यह तय है कि फिल्म इसी साल पर्दे पर आएगी। इस नए पोस्टर पर ध्यान देने वाली बात यह है कि इसमें निर्देशक का नाम नहीं लिखा है। इस पर सिर्फ सलमान खान फिल्म्स की एक फिल्म लिखा है। मेकर्स ने अभी तक इसकी वजह नहीं बताई है। शुरुआत में इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था।



## मिर्जापुर की शूटिंग हुई असली श्मशान में

**मुंबई।** मिर्जापुर 3 में मुन्ना भैया के अंतिम संस्कार वाला सीन तो याद ही होगा, जिसने सीजन तीन को एक अलग ही खामोशी की गहराई में छिपा दिया था। इस सीन में जान डालने के लिए मेकर्स ने इसे किसी नकली सेट पर नहीं, बल्कि एक असली और चालू श्मशान घाट पर शूट किया था। वेब सीरीज़ के मेकर्स को इस बारे में सख्त हिदायतें दी गई थीं, इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह इमोशनल सीन शूट किया। मिर्जापुर 3 के मेकर्स ने बताया कि असली श्मशान घाट में शूटिंग करना किसी चुनौती से कम नहीं था। शूटिंग को लेकर वहां के प्रबंधक ने के कड़े नियमों और मर्यादा का पालन करने के लिए मेकर्स को हिदायत दे रखी थी। साथ ही शूटिंग के लिए क्रू को बेहद कम समय की शूटिंग विंडो दी गई थी।

### टीवी मसाला



## ऑपरेशन सफेद सागर में सब पर भारी पड़े बरुन, दीया दमदार

**नई दिल्ली।** आने वाली स्ट्रीमिंग सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह मिलिट्री ड्रामा कारगिल युद्ध के दौरान इंडियन एयर फोर्स के सबसे मुश्किल ऑपरेशन्स में से एक पर आधारित है। ओनी सेन के निर्देशन और अभिजीत सिंह परमार व कुशल श्रीवास्तव द्वारा बनाई गई यह सीरीज इस ऑपरेशन से जुड़े लोगों पर बेस्ड है। इसमें सिद्धार्थ, जिमी शेरगिल, अभय वर्मा, दीया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना, अर्णव भसीन और अमृता बागची जैसे कलाकार हैं। जिमी शेरगिल विंग कमांडर बी.एस. धनोआ (जिन्हें टोनी के नाम से भी जाना जाता है) का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सिद्धार्थ स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा की भूमिका में हैं। ट्रेलर में उन्हें तेजी से बढ़ते संघर्ष के बीच दिखाया गया है, क्योंकि स्क्वाड्रन को कारगिल की पहाड़ियों में भारतीय सेना के ऑपरेशन में मदद करने का काम सौंपा गया है। युवा अधिकारियों में फ्लाइंग ऑफिसर आर.एस. धालीवाल के तौर पर अभय वर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर सी.एच. बाल रेड्डी के तौर पर मिहिर आहूजा, फ्लाइट लेफ्टिनेंट जितेंद्र सांगवान के तौर पर तारुक रैना और फ्लाइंग ऑफिसर अमित गुप्ता के तौर पर अर्णव भसीन शामिल हैं। इस सीरीज में ऑपरेशन को सिर्फ एयरक्राफ्ट और लड़ाई-झगड़े के तमाशे के तौर पर नहीं दिखाया गया है, बल्कि यह स्क्वाड्रन के अंदर लिए गए मुश्किल फैसलों पर भी ध्यान देती है। इसमें दिखाया गया है कि पायलट कैसे डर, जिम्मेदारी और इस संभावना का सामना करते हैं कि हर उड़ान उनकी आखिरी उड़ान हो सकती है।

### दूरदर्शन का सबसे लंबा चलने वाला शो

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन में रामायण, महाभारत और चित्रहार जैसे कई लोकप्रिय कार्यक्रमों ने दर्शकों का दिल जीता, लेकिन एक शो ऐसा भी है जो इन सबसे पहले शुरू हुआ और आज भी लगातार प्रसारित हो रहा है। इस कार्यक्रम का



नाम 'कृषि दर्शन' है. यह भारतीय टेलीविजन के सबसे लंबे समय तक चलने वाले कार्यक्रमों में शामिल है और इसके 16,000 से ज्यादा एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं। यही वजह है कि इसका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया जा चुका है। कृषि दर्शन की शुरुआत 26 जनवरी 1967 को दूरदर्शन पर हुई थी। शुरुआत में यह कार्यक्रम दिल्ली और उसके आसपास के करीब 80 गांवों के किसानों को खेती से जुड़ी नई तकनीक, फसल प्रबंधन और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से बनाया गया था। समय के साथ इसकी लोकप्रियता बढ़ती गई और यह देश के सबसे लंबे समय तक प्रसारित होने वाले टीवी कार्यक्रमों में शामिल हो गया।

## थलपति विजय की फिल्म का हिंदी में होगा ऐसा हाल

### जन नायकन बनेगी तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली मूवी

**नई दिल्ली।** थलपति विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म 23 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही है। कोईमोई के मुताबिक, फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन हिंदी में 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' से भी कम होने वाला है। लियो के केस में लोकेश सिनमैटिक यूनिवर्स की वजह से काफी हाइप था। इसी वजह से फिल्म ने हिंदी में 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। वहीं, 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को भी ओपनिंग डे पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला। वहीं 'जन नायकन' की बात करें तो फिल्म क हिंदी वर्जन क ओपनिंग डे पर 1.4 से 1.8 करोड़ तक कमाने की खबरें हैं। अगर ऐसा हुआ तो फिल्म थलपति विजय की हिंदी में तीसरी बिगेस्ट ओपनिंग वाली फिल्म बन जाएगी। इस लिस्ट में 'लियो' सबसे आगे है। 'लियो' ने 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। दूसरे नंबर पर 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' है। इस फिल्म ने 2.1 करोड़ कमाए थे। तीसरे नंबर पर 'वरिसु' है। इस फिल्म ने 70 लाख कमाए थे। चौथे नंबर पर 'बीस्ट' है. फिल्म ने 60 लाख की ओपनिंग की थी। पांचवें नंबर पर 'मास्टर' है. फिल्म ने 50 लाख कमाए थे।




## विलेन की अदाकारी करते वक्त मुझसे मत उलझना

**नई दिल्ली।** पर्दे पर गंभीर और चैलेंजिंग किरदारों के लिए पहचान बनाने वाले केके मेनन अभिनय को अलग नजरिए से देखते हैं। उनका मानना है कि किसी भी किरदार को निभाने से पहले उसे अपने भीतर तलाशना जरूरी है। 'आदर्श बाल विद्यालय' के प्रमोशन के दौरान एक बातचीत में उन्होंने अभिनय, किरदार और अपने काम को लेकर खुलकर बात की। सीरीज में अपने किरदार ज्ञानेश्वर पर बात करते हुए केके मेनन कहते हैं, 'अगर मैं अपने भीतर से ज्ञानेश्वर को नहीं निकालूंगा तो मैं फेक एक्टिंग कर रहा होऊंगा। मैं जो भी करता हूं, उसमें बुरे किरदार भी मेरे भीतर से ही आते हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह सिर्फ एक्टिंग रह जाएगी। इसलिए, मैं हमेशा कहता हूं कि जब मैं कोई बहुत बुरा किरदार निभा रहा होता हूं तो 'एक्शन' और 'कट' के बीच मुझसे मत उलझना। क्योंकि, उस वक्त मैं केके मेनन नहीं होता। मैं अपने भीतर की उसी बुराई को जी रहा होता हूं। मैं हर किरदार को इसी तरह अप्रोच करता हूं।' किरदार की तैयारी के सवाल पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं टेक्स्ट पर बहुत भरोसा करता हूं। डायरेक्टर और राइटर मेरे लिए



बहुत मदद करते हैं। मैं स्क्रिप्ट को न जाने कितनी बार पढ़ता हूं। मेरे लिए यही सबसे पक्का तरीका है, क्योंकि जितनी बार आप स्क्रिप्ट पढ़ते हैं, हर बार वह आपको कुछ यूनिक देती है। इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है।'

***मैं सब कुछ नहीं जानता :*** रोल चुनने को लेकर केके मेनन का कहना है, 'मैंने रोल इसलिए नहीं छोड़ा कि वह सुरक्षित था। मैंने सिर्फ इसलिए छोड़ा क्योंकि उसने मेरी दिलचस्पी नहीं जगाई। रोल चुनने का कोई फॉर्मूला नहीं है। जो मुझे पसंद नहीं आता, वही किसी दूसरे अभिनेता को पसंद आ सकता है। इसलिए मैं यह भी नहीं सोचता कि मैं सब जानता हूं। मुझसे भी गलती हो सकती है।'

### टेंशन जरूरी है

करीब तीन दशक के लंबे करियर के बाद भी केके मेनन की तैयारी में कोई ढील नहीं आई है। क्या इतने वर्षों बाद भी पहले दिन शूटिंग पर घबराहट होती है? इस पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं इसे नर्वसनेस नहीं, एसेंशियल टेंशन कहता हूं। थोड़ा-सा टेंशन होना जरूरी है, नहीं तो काम नहीं करता। जैसे 100 मीटर का धावक स्टार्ट लाइन पर खड़ा होता है या क्रिकेटर पहली गेंद खेलने जाता है। हर किसी के भीतर वह थोड़ा-सा टेंशन होना चाहिए, जो आपको अपने पैरों पर खड़ा रखे। बस वह स्ट्रेस नहीं बनना चाहिए।'

## वो सनकी संगीतकार, जिनके जनाजे में शामिल हुए फिल्मी दुनिया के सिर्फ दो लोग

# लता का किया अपमान, किशोर दा को बताया शोर कुमार

**नई दिल्ली।** म्यूजिक की दुनिया में कई ऐसी दिग्गज हस्तियां आई हैं, जिन्होंने एक से बढ़कर एक कालजयी गाने बनाए, लेकिन उनकी अपनी पहचान गुमनाम ही रह गई। 5 दशक से अधिक समय तक संगीत जगत में एक अलग पहचान बनाने वाले नामों में एक नाम उस संगीतकार का भी है, जिन्होंने हिंदी सिनेमा के संगीत को एक नया आयाम दिया। उन्हें न सिर्फ भारतीय सिनेमा में उनके अलग संगीत और 22 हजार से अधिक गानों में मैंडोलिन बजाने के लिए जाना जाता है, बल्कि अपने सनकी और मूडी स्वभाव के कारण भी वे अक्सर सुर्खियों में रहे। कौन थे वे संगीतकार, जिनकी अंतिम विदाई में सिर्फ दो बॉलीवुड हस्तियां पहुंची थीं और जिन्होंने लता मंगेशकर जैसी दिग्गज गायिका की भी क्लास लगा दी थी?





### क्यों कहा जाता था उन्हें बेबाक और सनकी?

हम बात कर रहे हैं मशहूर संगीतकार सज्जाद हुसैन की। 5 दशक से ज्यादा समय तक संगीत की दुनिया में सक्रिय रहे सज्जाद हिंदी सिनेमा की सबसे विवादित हस्तियों में से एक रहे। उनका गुस्सैल स्वभाव, बेबाक बोल और समझौता न करने की आदत अक्सर उन्हें विवादों में डाल देती थी।

### गीतकार डीएन मधोक से हो गया था झगड़ा

साल 1944 में आई फिल्म 'दोस्त' के शानदार संगीत की सफलता का श्रेय जब निर्देशक शौकत हुसैन रिजवी ने अपनी पत्नी नूरजहां को दिया, तो स्वाभिमानी सज्जाद ने कसम खा ली कि वे अब कभी उनकी पत्नी के लिए गाना कंपोज नहीं करेंगे। वहीं, फिल्म 'सैंया' की रिकॉर्डिंग के दौरान उनका गीतकार डी.एन. मधोक से झगड़ा हो गया था। यही नहीं, एक बार लता मंगेशकर को लेकर की गई उनकी टिप्पणी के कारण दोनों के बीच बातचीत बंद हो गई थी।

### 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए

सज्जाद हुसैन के इस बेबाक और कड़वे स्वभाव के कारण धीरे-धीरे लोग उनसे दूर होने लगे। अपने 34 साल के कॅरियर में उन्होंने अपने अड़ियल रवैये की वजह से 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए। लता मंगेशकर ने एक पुराने इंटरव्यू में माना था कि सज्जाद हुसैन के साथ काम करने में घबराहट होती थी, क्योंकि वे बारीकियों पर बहुत ध्यान देते थे और उन्हें जरा भी लाउड गाना पसंद नहीं था।

### दिलीप कुमार से हो गई थी अनबन

सज्जाद हुसैन ने सिर्फ नूरजहां या लता मंगेशकर से ही पंगा नहीं लिया, बल्कि 'संगदिल' की शूटिंग के दौरान दिलीप कुमार से भी उनकी अनबन हो गई। वे अपनी तीखी बयानबाजी के लिए मशहूर थे, उन्होंने तलत महमूद को 'गलत महमूद' और किशोर कुमार को 'शोर कुमार' तक कह दिया था। कहा जाता है कि निर्माता-निर्देशक के. आसिफ से हुए मनमुटाव के कारण ही उनके हाथ से 'मुगल-ए-आजम' जैसी ऐतिहासिक फिल्म का संगीत निकल गया था।

### उधास-खय्याम पहुंचे थे अंतिम विदाई देने

महान संगीतकार सज्जाद हुसैन का निधन 21 जुलाई 1995 को माहिम स्थित उनके घर पर हुआ। जब उनकी अंतिम यात्रा निकली, तो उनके पांच बेटों और एक बेटी के अलावा पूरी फिल्म इंडस्ट्री से सिर्फ दो लोग मशहूर गायक पंकज उधास और संगीतकार खय्याम ही उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप

### घर से मोबाइल चुराने का आरोपी काबू

**हिसार।** थाना अर्बन एस्टेट पुलिस ने घर से मोबाइल चोरी करने के आरोपी गोपाल निवासी न्यू मॉडल टाउन को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी विकास ने बताया कि 19 जुलाई को न्यू मॉडल टाउन निवासी राजेंद्र की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके घर से मोबाइल फोन चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना अर्बन एस्टेट में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान मुख्य सिपाही नरेंद्र ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण की सहायता से आरोपी की पहचान करते हुए गोपाल निवासी न्यू मॉडल टाउन को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल बरामद कर लिया गया।

### लूट के मामले में आरोपी को भेजा जेल

**नारनौंद।** गांव खांडा खेड़ी की अनाज मंडी के पास तीन युवकों द्वारा धर्मखेड़ी निवासी दीपक का मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन लूटने मामले में गिरफ्तार आरोपी अतुल निवासी ईगराह जिला जींद से पूछताछ में पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लगे है। उधर, आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया। बता दें कि गांव खांडा खेड़ी के पास से हुई लूट के मामले जांच के दौरान अतुल निवासी ईगराह जिला जींद को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस रिमांड के दौरान उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसने अपने साथियों घिमाना निवासी साहिल और बुवाना निवासी के साथ लूट की योजना बनाई ओर उनके साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम दे देकर भाग गए थे।

### कार के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगाने पर चालान

**हिसार।** इंटरसेप्टर टीम ने सिरसा रोड पर कार्रवाई करते हुए यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालान किए। पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने बताया कि इंटरसेप्टर सिरसा रोड प्रभारी कुलदीप व उनकी टीम द्वारा सिरसा रोड पर चेकिंग के दौरान गांव चिकनवास के पास एक कार के शीशों पर अवैध रूप से ब्लैक फिल्म लगी होने पर नियमानुसार चालान किया गया। ढंढूर के पास वाहन जांच के दौरान एक चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाया गया। चालक के विरुद्ध ड्रंक एंड ड्राइव के तहत मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार चालान किया गया।

### महिला के आवास में चोरी का आरोपी पकड़ा

**नारनौंद।** प्रधानमंत्री की जींद में आयोजित रैली में गई महिला के घर पर अज्ञात युवकों ने चोरी की घटना के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। मुख्य सिपाही बलवान सिंह ने बताया कि आरोपी युवक की पहचान विजय उर्फ कालिया उर्फ बाबा निवासी गांव निर्जन जिला जींद के रूप में हुई हैं। गत 17 जुलाई एक महिला किसी कार्य से घर से बाहर गई हुई थी। वापस लौटने पर घर के ताले टूटे मिले। जांच करने पर घर से 45 सौ रुपये नकद, लगभग 15 ग्राम सोने के आभूषण व अन्य सामान चोरी होना पाया गया था। थाना नारनौंद में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपित की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया।

### नेत्र चिकित्सा शिविर में 240 मरीजों की जांच

**हांसी।** लायन्स क्लब हांसी द्वारा मंगलवार को पंकज भाटिया के सहयोग से लायन सेवा सदन में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वेन्यू आई हॉस्पिटल, दिल्ली के अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों ने मरीजों की आंखों की जांच की। शिविर के दौरान कुल 240 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जबकि 32 मरीजों को मोतियाबिंद सहित अन्य नेत्र रोगों के ऑपरेशन के लिए दिल्ली भेजा गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (डीजी) लायन संजय गांधी, प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (वीडीजी-1) लायन महेश बंसल, डिस्ट्रिक्ट कैशियर लायन मदन मेहता, रीजन चेयरपर्सन लायन राजेश पाहवा, लायन आर.एस. साहनी तथा लायन सुरेंद्र छिन्दा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

---

*उकलाना उप तहसील में कथित अनियमितता का मामला*

### घंटों खंगाला रिकॉर्ड, नायब तहसीलदार व नगर पालिका से मांगी अतिरिक्त जानकारी

# रजिस्ट्रियों की जांच के लिए दूसरे दिन भी पहुंची सीएम फ्लाइंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उकलाना उप-तहसील में जमीन की रजिस्ट्रियों में कथित अनियमितताओं और सरकारी राजस्व को संभावित नुकसान पहुंचाए जाने की शिकायतों की जांच को लेकर सीएम फ्लाइंग हिसार की टीम लगातार दूसरे दिन भी जांच में जुटी रही। मंगलवार को टीम ने कई घंटों तक तहसील कार्यालय में रिकॉर्ड की गहन पड़ताल की। जांच के दौरान कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेजों एवं तथ्यों के सत्यापन के लिए नायब तहसीलदार तथा नगर पालिका उकलाना से अतिरिक्त रिकॉर्ड और विस्तृत जानकारी भी मांगी गई है। इस कार्रवाई का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने किया। उनके साथ ऑडिट विभाग के राजबीर सिंह, जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) कार्यालय के जूनियर इंजीनियर अमन, पटवारी शमशेर, एएसआई सुरेंद्र तथा हेड कांस्टेबल विजय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री उड़नदस्ता (सीएम फ्लाइंग) को शिकायत मिली थी कि उकलाना-नरवाना रोड पर स्थित खसरा नंबर 227 की भूमि, जहां पूर्व में कॉटन मिल संचालित होती थी, पर वर्ष 2022 में कथित रूप से अवैध कॉलोनी विकसित की गई। शिकायत के अनुसार उस समय जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) विभाग द्वारा कॉलोनी को लेकर कई नोटिस जारी किए गए थे तथा अवैध कॉलोनी विकसित करने के आरोप में पुलिस में मामला भी दर्ज कराया गया था।

#### कलेक्टर रेट से कम मूल्य पर रजिस्ट्री के आरोप

शिकायत में यह भी कहा गया है कि संबंधित भूमि का कुछ हिस्सा मुख्य मार्ग से लगभग दो एकड़ की सीमा में आता है, जहां सरकार द्वारा निर्धारित कलेक्टर रेट लगभग 8,280 रुपये प्रति वर्ग गज बताया गया है। इसके बावजूद कथित रूप से कुछ रजिस्ट्रियां लगभग 2,800 रुपये प्रति वर्ग गज की दर से कर दी गईं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि यदि यह तथ्य सही पाए जाते हैं तो इससे सरकार को भारी राजस्व हानि हुई हो सकती है। इसके अतिरिक्त शिकायत में यह भी उल्लेख है कि बाद में उक्त भूमि को रिहायशी कॉलोनी के रूप में विकसित कर बड़ी संख्या में प्लॉट काटे गए तथा नगर पालिका उकलाना द्वारा इन प्लॉटों की प्रॉपर्टी आईडी भी जारी कर दी गई।

#### तथ्यों के आधार पर होगी आगे की कार्रवाई

सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने कहा कि टीम पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और पिछले दो दिनों से संबंधित रिकॉर्ड का बारीकी से परीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि सभी प्रकार की भूमि की रजिस्ट्रियां निर्धारित कलेक्टर रेट के अनुसार ही की जाएं। यदि जांच में किसी भी स्तर पर अनियमितता या सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने के तथ्य सामने आते हैं तो नियमानुसार संबंधित व्यक्तियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल वर्ष 2023 में खसरा नंबर 227 से संबंधित रजिस्ट्रियों, उसके बाद भूमि के उपयोग में हुए बदलाव, कॉलोनी विकसित किए जाने तथा प्लॉटों की बिक्री एवं प्रॉपर्टी आईडी जारी किए जाने से जुड़े सभी पहलुओं की विस्तृत जांच जारी है।

#### तहसील और नगर पालिका से मांगा विस्तृत रिकॉर्ड

लगातार दूसरे दिन जांच के दौरान सीएम फ्लाइंग टीम ने वर्ष 2023 में हुई संबंधित रजिस्ट्रियों, राजस्व अभिलेखों तथा अन्य दस्तावेजों का विस्तृत परीक्षण किया। जांच के उपरांत टीम ने नायब तहसीलदार कार्यालय से उक्त रजिस्ट्रियों से संबंधित अतिरिक्त रिकॉर्ड उपलब्ध कराने को कहा है। वहीं नगर पालिका उकलाना से संबंधित भूमि की प्रॉपर्टी आईडी जारी करने, कॉलोनी से जुड़े अभिलेख, प्लॉटों की प्रॉपर्टी आईडी तथा अन्य स्वीकृतियों से संबंधित रिकॉर्ड भी मांगा गया है।

---

### नहरी पानी चोरी करने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई

# पेटवाड़ डिस्ट्रीब्यूटरी के 150 मीटर दायरे में लगे अवैध पंप व इंजन

**प्रशासन ने दिए अवैध पंप व इंजन हटाने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि नहरी पानी की चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नहरी पानी टेल क्षेत्र तक पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सिंचाई विभाग को सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं तथा फील्ड स्टाफ को दिन एवं रात्रि में नियमित गश्त कर नहरी पानी की चोरी पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है।

उपायुक्त ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा पेटवाड़ डिस्ट्रीब्यूटरी के दोनों ओर 150 मीटर के दायरे में बिना अनुमति स्थापित ट्यूबवेल, ट्रैक्टर इंजन, डीजल एवं इलेक्ट्रिक इंजन, पंप, पाइप तथा अन्य जल दोहन उपकरणों को हटाने के संबंध में अंतिम नोटिस जारी किए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि विभाग के संज्ञान में लगातार ऐसी शिकायतें आ रही थीं कि कुछ लोग इन उपकरणों के माध्यम से नहर से अनधिकृत रूप से पानी निकाल रहे हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण में भी कई स्थानों पर ऐसी गतिविधियां सामने आई हैं। उपायुक्त राहुल नरवाल ने सभी भूमि मालिकों, किसानों एवं आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे पेटवाड़ डिस्ट्रीब्यूटरी के दोनों ओर 150 मीटर के दायरे में स्थापित सभी अवैध ट्यूबवेल, ट्रैक्टर इंजन, डीजल अथवा इलेक्ट्रिक इंजन, पंप, पाइप एवं अन्य जल दोहन उपकरणों को तत्काल प्रभाव से स्वयं हटा लें तथा भविष्य में नहरी पानी की किसी भी प्रकार की चोरी अथवा अनधिकृत निकासी से पूर्णतः परहेज करें।



हांसी। नहर में पानी चोरी के पाइप जब्त करते सिंचाई विभाग के अधिकारी।

#### वीडियोग्राफी से पकड़े जाएंगे चोर

डीसी स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित अवधि के भीतर उपकरण नहीं हटाए गए अथवा कोई व्यक्ति नहरी पानी की चोरी करते हुए पाया गया तो सिंचाई विभाग द्वारा मौके पर निरीक्षण कर वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई जाएगी। इसके उपरांत संबंधित उपकरणों को जब्त अथवा हटाने की कार्रवाई करते हुए दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध हरियाणा कैनाल एंड ड्रेनेज एक्ट, 1974 तथा अन्य लागू नियमों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ऐसी स्थिति में होने वाले सभी कानूनी परिणामों एवं नुकसान की जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की स्वयं होगी।

#### दिन-रात नियमित निगरानी के निर्देश

डीसी राहुल नरवाल ने सिंचाई विभाग के सभी अधिकारियों, कनिष्ठ अभियंताओं तथा फील्ड स्टाफ को निर्देश दिए कि पेटवाड़ डिस्ट्रीब्यूटरी पर दिन एवं रात्रि के समय नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। कहीं भी नहरी पानी की चोरी अथवा अवैध जल दोहन की सूचना मिलने पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई करते हुए इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाए, ताकि दोषियों के विरुद्ध समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

---

# गोपाल कांडा समेत अनेक गणमान्य लोगों ने दी गोयनका को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रख्यात समाजसेवी एवं गौभक्त स्वर्गीय नंदकिशोर गोयनका को श्रद्धांजलि देने के लिए मंगलवार को भी हिसार स्थित गोयनका सदन में विभिन्न क्षेत्रों की दिग्गज हस्तियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों का तांता लगा रहा। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुभाष चंद्रा एवं शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री गोपाल कांडा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि नंदकिशोर गोयनका का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने पहले विधानसभा चुनाव के दौरान अग्रोहा धाम में नंदकिशोर गोयनका का स्नेह और आशीर्वाद मिला था।



हिसार। शोक जताते पूर्व कैबिनेट मंत्री गोपाल कांडा।

### अभियंता के पद पर किया ज्वाइन

**हांसी।** आरपीएस पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र रुपेश ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) पुणे महाराष्ट्र में अभियंता (इंजीनियर) के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है। एचपीसीएल देश की प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की ऊर्जा कंपनियों में से एक है, जहां अभियंताओं के लिए उत्कृष्ट कैरियर अवसर उपलब्ध होते हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय की प्रधानाचार्या एकता सचदेवा ने रुपेश को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज डायरी

### लोटस इंटरनेशनल में मेधावियों का हुआ सम्मान

**उकलाना।** लोटस इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन महेंद्र सिंह कुनर एवं प्राचार्या आरती कुनर ने विद्यालय के टॉपर विद्यार्थी समीर सहित दीपांशु, सोमांशु, अनु, केंजल, अक्की, खुशबू, मोनित, राजीव, आस्था, जागृति, पलक और मुस्कान को नकद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया।

### सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की जवाबदेही आवश्यक

**हिसार।** पूर्व मंत्री एवं इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक प्रो. संपत सिंह ने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में जवाबदेही आवश्यक है, लेकिन केवल विभागीय कार्रवाई करने से सुधार नहीं हो सकता। सरकार यदि वास्तव में प्रदेश के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना चाहती है तो उसे दंडात्मक कार्रवाई के बजाय सहयोगात्मक, सुधारात्मक और क्षमता निर्माण पर आधारित नीति अपनानी होगी। हिसार नागरिक अस्पताल के सिविल सर्जन, उप-सिविल सर्जनों तथा कुछ चिकित्सकों के विरुद्ध 'सार्थक' की सिफारिशों पर आरोप-पत्र जारी करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रो. संपत सिंह ने कहा कि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### छात्रों पर लोकतंत्र पर हमला : बृजलाल

**हिसार।** जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने देशभर में छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज तथा महिला कांग्रेस द्वारा महिला आरक्षण को लेकर किए जा रहे राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शनों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सोमवार का दिन देश के लोकतांत्रिक इतिहास का एक अत्यंत दुखद, हृदयविदारक और शर्मनाक अध्याय बन गया। जिस प्रकार शांतिपूर्ण ढंग से अपनी जायज मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे निहत्थे और निर्दोष छात्रों पर बेरहमी से लाठियां बरसाई गईं, उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया तथा उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए, वह किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर एक काला धब्बा है।



### लेजर लैंड लेवलर व रोटावेटर के लिए कॉमन ड्रॉ कल

**हांसी।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत हिसार एवं हांसी जिलों के सामान्य श्रेणी के पात्र किसानों को कृषि यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लेजर लैंड लेवलर एवं रोटावेटर के लिए कॉमन ड्रॉ का आयोजन 23 जुलाई को दोपहर 2:00 बजे किया जाएगा। यह ड्रॉ प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में लघु सचिवालय, हिसार स्थित डीएसी हॉल में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल करेंगी। कार्यक्रम में हिसार एवं हांसी दोनों जिलों के कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराई जाएगी।

### गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल सीसवाल ने मारी बाजी

**आदमपुर।** ब्लॉक स्कूल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल सीसवाल की आयु वर्ग 14 साल की लड़कियों ने खो-खो में पहला स्थानी हासिल किया है। स्कूल शिक्षा विभाग की तरफ से आयोजित प्रतियोगिता में सीसवाल स्कूल ने सेमीफाइनल में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोहली को हराया, जबकि फाइनल में संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बगला को हराकर के प्रथम स्थान हासिल किया। टीम इंचार्ज हरीश कुमार परिहार ने बताया कि बच्चों की उपलब्धि पर स्कूल के हेड मास्टर कृष्ण कुमार, क्लस्टर हेड सीमा बिश्नोई ,पीटीआई पवन, कोऑर्डिनेटर संतोष ने खुशी जाहिर की।

### 9.35 लाख की फर्जी लोन मामले में आरोपी काबू

**बरवाला।** पुलिस ने 9 लाख 35 हजार की फर्जी लोन धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी खुशी राम निवासी जींद से पूछताछ कर रही है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक भगत राम ने बताया कि टाटा कैपिटल लिमिटेड बरवाला के एरिया सेल्स मैनेजर नितिन कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। आरोपी जींद निवासी खुशी राम टाटा कैपिटल लिमिटेड बरवाला में मैनेजर के पद पर कार्यरत था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर आर्थिक रूप से कमजोर एवं गरीब लोगों के पहचान पत्र और अन्य दस्तावेजों का दुरुपयोग करते हुए 19 व्यक्तियों के नाम पर फर्जी लोन स्वीकृत करवा लिए। इसके बाद लोन की राशि अपने परिचितों एवं अन्य व्यक्तियों के बैंक खातों में लालच देकर डलवाई और बाद में वह राशि स्वयं निकलवा ली।

### 12 बोतल देसी शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस चौकी मंगाली की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 12 बोतल अवैध देसी शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी मंगाली प्रभारी एएसआई विनोद कुमार ने बताया कि चौकी में तैनात उप निरीक्षक महेन्द्र सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ मंगाली से भोजराज रोड पर गश्त एवं अपराध रोकथाम ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। शक के आधार पर उसे रोककर नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 12 बोतल अवैध देसी शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान करतार निवासी नजदीक कबीर आश्रम मंगाली आकलान के रूप में हुई।

---



# ईवीएस क्विज प्रतियोगिता में गार्गी सदन रहा विजेता

### एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में हुई स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल, हांसी में विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और ईवीएस विषय के ज्ञान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ईवीएस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और विषयगत समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का संचालन प्राइमरी विंग की कोऑर्डिनेटर कुमारी शिवानी श्रीवास्तव तथा विज्ञान अध्यापिकाओं ज्योति और सिमरन ने किया। उन्होंने ईवीएस विषय से जुड़े रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे, जिनका प्रतिभागियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों में विद्यार्थियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

### दिल्ली में प्रदर्शनकारी युवाओं पर लाठीचार्ज निंदनीय : दलबीर

**हिसार।** इनेलो के प्रदेश सचिव एवं वरिष्ठ नेता दलबीर किरमारा ने पेपर लीक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, धांधली की निष्पक्ष जांच कराने और युवाओं के भविष्य से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे बेकसूर छात्रों व नागरिकों पर किए गए बर्बर लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए जनता के मौलिक अधिकारों का सीधा हनन बताया है, जहां आवाज उठाना भी गुनाह हो गया है। प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा ने कहा कि देश का होनहार युवा अपनी दिन-रात की मेहनत और खून-पसीने से सींचे गए भविष्य को बचाने के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर है। उन्होंने मांग की है कि बेकसूर छात्रों पर लाठियां बरसाने वाले पुलिस अधिकारियों को निलंबित किया जाए।





# आरडीएम स्कूल में एनसीसी नई भर्ती चयन प्रक्रिया पूरी

**उकलाना।** आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, देशभक्ति, नेतृत्व क्षमता एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनसीसी नई भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया का सफल आयोजन किया गया। चयन प्रक्रिया में विद्यालय के कुल 34 विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। एनसीसी में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों की योग्यता एवं क्षमता का आकलन करने के लिए लिखित परीक्षा, साक्षात्कार तथा शारीरिक दक्षता परीक्षण आयोजित किया गया। चयन प्रक्रिया का संचालन हवलदार के. जगन एवं हवलदार सुभाष चंद्र ने किया। दोनों अधिकारियों ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक योग्यता, अनुशासन, संवाद कौशल, आत्मविश्वास तथा शारीरिक फिटनेस का गहनता से मूल्यांकन किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. के.सी. शर्मा व प्राचार्या डॉ. शालू एस. कटारिया ने कहा कि एनसीसी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, देशभक्ति, नेतृत्व क्षमता और सेवा भाव विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

---

### 11 लाख 94 हजार 157 मतदाताओं के ब्योरा का हुआ डिजिटलीकरण

# डिजिटलाइजेशन का 87.12 फीसद कार्य पूर्णः डीसी

- विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की नियमित मॉनिटरिंग तथा समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अभी तक कुल 13 लाख 70 हजार 766 मतदाताओं में से 11 लाख 94 हजार 157 मतदाताओं का ब्यौरा डिजिटाइज किया जा चुका है, जोकि कुल मतदाताओं का 87.12 प्रतिशत है। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में उपायुक्त महेंद्र पाल ने यह जानकारी दी। वीसी के उपरांत उन्होंने सभी निर्वाचन अधिकारियों तथा चुनाव प्रक्रिया से जुड़े कर्मचारियों को एसआईआर अभियान के तहत मतदाता सूची को पूरी तरह सटीक एवं त्रुटिहीन बनाने की हिदायत दी। मतदाता सूची में पात्र मतदाता छुटने नहीं चाहिए। सभी अधिकारी पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए गंभीरता से काम करें। इससे पूर्व मतदाता सूची से मृत, स्थानांतरित तथा अन्य अपात्र मतदाताओं के नाम की गहनता से जांच हो।



हिसार। वीसी के दौरान मौजूद उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

#### सर्वे कार्य की नियमित समीक्षा के निर्देश

उन्होंने ईआरओ एवं एईआरओ को निर्देश दिए कि वे अभियान की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा सर्वे कार्य की निरंतर समीक्षा किए जाने के भी निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। उपायुक्त महेंद्र पाल ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि 24 जुलाई से पूर्व अपना एन्यूमरेशन फार्म अवश्य अपने बीएलओ को जमा करवाएं। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम अश्वीर नैन, चुनाव तहसीलदार जगदीप सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## 2010 से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे निवासी, अनिश्चितकालीन धरना शुरू

# एचएसवीपी के सेक्टर-5 में गहराया जल संकट

पानी नहीं, फिर भी 15 से 20 हजार रुपये के बिल, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। धरनास्थल पर प्रशासन व सरकार के खिलाफ नारेबाजी करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

जिला सचिवालय के पीछे स्थित एचएसवीपी सेक्टर-5 में वर्षों से चला आ रहा पेयजल संकट अब आंदोलन में बदल गया है। मूलभूत सुविधाओं से वंचित सेक्टरवासियों ने प्रशासन की कथित अनदेखी और जनप्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी जताते हुए अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वर्ष 2010 में सेक्टर विकसित होने के बाद से आज तक नियमित पेयजल सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई। उनका आरोप है कि बार-बार शिकायतें, ज्ञापन और अधिकारियों से मुलाकात के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। सेक्टर-5 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के प्रधान शशिकांत यादव ने बताया कि पेयजल व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विधायक विनोद भयाना व एचएसवीपी के अधिकारियों और संबंधित विभागों से कई बार गुहार लगाई गई। इस मामले को हाईकोर्ट तक भी उठाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। उनका आरोप है कि सेक्टर के लिए प्रस्तावित 32 एकड़ भूमि, जिस पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) स्थापित किया जाना था, उसे अब मिनी सचिवालय के लिए आवंटित कर दिया गया। अब केवल बूस्टिंग स्टेशन बनाने की बात कही जा रही है, जबकि पर्याप्त जल स्रोत के बिना उसका कोई व्यावहारिक लाभ नहीं होगा।

### सेक्टर वासियों को 15 से 20 हजार रुपये तक के बिल भेजे

धरनारत लोगों ने आरोप लगाया कि एक ओर उन्हें नियमित पेयजल उपलब्ध नहीं कराया जा रहा, वहीं दूसरी ओर विभाग की ओर से सेक्टर वासियों को 15 से 20 हजार रुपये तक के पानी के बिल भेजे जा रहे हैं। उनका कहना है कि जब पानी की आपूर्ति ही नहीं हो रही, तो इस प्रकार के बिल भेजना पूरी तरह अनुचित है। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि संबंधित विभाग के अधिकारियों ने स्वयं स्वीकार किया है कि फिलहाल सेक्टर-5 को नियमित पेयजल उपलब्ध कराने की पर्याप्त व्यवस्था मौजूद नहीं है।

### 75 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया था

सेक्टर निवासी बारु सिंह ने बताया कि हांसी को जिला बनाए जाने के समय शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगभग 75 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया था। उनका कहना है कि वर्षों बीत जाने के बावजूद सेक्टर-5 तक इस योजना का अपेक्षित लाभ नहीं पहुंच सका। सेक्टर निवासी जसवंत सिंह ने कहा कि पिछले डेढ़ दशक से सेक्टर वासी केवल पीने के पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पेयजल संकट के साथ-साथ वर्षा जल निकासी की समस्या भी लगातार बनी हुई है।

### अब धैर्य जवाब दे चुका

धरने में शामिल महिलाओं ने कहा कि उन्होंने बेहतर सुविधाओं की उम्मीद के साथ शहर के प्रमुख आवासीय सेक्टरों में शामिल सेक्टर -5 में प्लॉट खरीद कर मकान बनाए थे, लेकिन वर्षों बाद भी उन्हें पेयजल, जल निकासी सहित आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल सकीं। उनका कहना है कि अब धैर्य जवाब दे चुका है और जब तक सरकार एवं प्रशासन सेक्टर-5 के लिए स्थायी पेयजल व्यवस्था, प्रभावी जल निकासी योजना और लंबित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा नहीं करता, तब तक उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### हत्या के मामले में सजायाफ्ता आरोपी काबू

**हिसार।** थाना एचटीएम पुलिस ने हरियाणा गुड कंडक्ट प्रिजनर्स (टेम्परी रिलीज) एक्ट, 2022 के तहत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे पुनः जेल भेज दिया गया। इस संबंध में एसआई उपेन्द्र ने बताया कि आरोपी सूर्य नगर निवासी प्रदीप हत्या के एक मामले में सजा काट रहा था। आरोपी को केंद्रीय जेल से 70 दिन की अस्थायी छुट्टी पैरोल पर रिहा किया गया था तथा उसे 18 मई 2026 को निर्धारित समय पर वापस केंद्रीय जेल में आत्मसमर्पण करना था, लेकिन वह तय तिथि पर जेल में वापस नहीं लौटा। उन्होने बताया कि फरारी के दौरान थाना एचटीएम पुलिस ने आरोपी को एक अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया था, जिसके संबंध में उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अलग से केस दर्ज किया था।

### चिट्टा बेचती महिला पुलिस के हत्थे चढ़ी

**बरवाला।** सीआईए बरवाला ने एक महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 8 ग्राम 250 मिलीग्राम हेरोइन (चिट्टा) तथा नशा बेचकर अर्जित किए गए 8,200 रुपये बरामद किए हैं। एसपी सिद्धान्त जैन ने बताया कि सीआईए बरवाला टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि महिला बिमला उर्फ प्रितो ढाणी गारण टी-पॉइंट, रेलवे फाटक के निकट अग्रोहा रोड पर नशीला पदार्थ बेच रही है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर आरोपी महिला के कब्जे से 8.25 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) तथा 8,200 रुपये की ड्रग मनी बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी महिला ने स्वीकार किया कि बरामद नकदी उसने हेरोइन बेचकर प्राप्त की थी।

### बाइक चोरी मामले में दूसरा आरोपी काबू

**हिसार।** थाना आजाद नगर पुलिस ने करीब पांच माह पुराने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अंग्रेज सिंह उर्फ गज्जू निवासी गांव फूटाकी, जिला डूंगरपुर को अदालत में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 5 जनवरी को शिव नगर मिलगेट निवासी शिकायतकर्ता ने थाना आजाद नगर में मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दी थी। इसी दौरान 14 जनवरी को चोरी हुई मोटरसाइकिल लावारिस हालत में बरामद कर उसके वास्तविक मालिक को नियमानुसार सुपुर्द कर दिया गया। मामले की गहन जांच के दौरान पुलिस ने पहले आरोपी ईश्वर निवासी गांव फूटाकी, जिला डूंगरपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया था।

## हकृवि का मूंग की किस्म को बढ़ावा देने के लिए प्राइवेट कम्पनी के साथ करार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। समझौते के दौरान उपस्थित कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज एवं अन्य।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित मूंग की उन्नत किस्मों की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। इसके लिए केडीएम सीड्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, खांडवा के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित उन्नत किस्में ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंचे, इसके लिए कंपनी के साथ समझौता किया है। समझौते के तहत विश्वविद्यालय द्वारा विकसित मूंग की किस्म एमएच 1762 का बीज तैयार कर कंपनी किसानों तक पहुंचाएगी ताकि उन्हें इस किस्म का विश्वसनीय बीज मिल सके और उनकी पैदावार में इजाफा हो सके। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से समझौता ज्ञापन पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने तथा कंपनी की तरफ से चेयरमैन सुभाष महता ने हस्ताक्षर किए। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि एम.एच.1762 किस्म पीला मोजैक एवं अन्य रोगों की प्रतिरोधी है। यह किस्म बसंत एवं ग्रीष्म काल में भारत के उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्रों में बिजाई के लिए के लिए अनुमोदित की गई है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया पार्टी मजबूत करने का मूल मंत्र

- कैप्टन अभिमन्यु के निर्देशन में बास मंडल के सभी 18 शक्ति केंद्रों पर हुई टिफिन बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद


नारनौंद। गांव बास में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते चेयरमैन शमशेर मोर।

प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के निर्देशन में भाजपा बास मंडल के सभी 18 शक्ति केंद्रों पर संगठनात्मक एवं टिफिन बैठकें मंगलवार को आयोजित की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं के आवास पर आयोजित ये बैठकें संगठन की कार्यकर्ता-आधारित संस्कृति, आत्मीयता और परिवार भाव का सशक्त उदाहरण हैं। गांव बास आजमशाहपुर, बास बादशाहपुर, रोशन खेड़ा, खरबला, उगालन, भकलाना, सिंघवा खास, धर्मखेड़ी, बडाला, बढ़छप्पर आदि गांव में बैठकों का आयोजन कर कार्यकर्ताओं को पार्टी मजबूत करने के मूल मंत्र दिया। बैठकों में शक्ति केंद्र प्रमुख, पालक, बूथ अध्यक्ष, बीएलए टू एवं बूथ समिति के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण, मतदाता सूची के बेहतर प्रबंधन तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

### ये रहे मौजूद

टिफिन बैठक के माध्यम से कार्यकर्ताओं के बीच आत्मीय संवाद को और मजबूत किया गया। सभी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर पूरी निष्ठा, समर्पण और सक्रियता के साथ संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनसेवा के संकल्प के साथ निरंतर कार्य करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान, मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर, जिला महिला प्रधान नीलम जांगड़ा, मंडल अध्यक्ष सोनू सैनी, राजकुमार, आजाद शर्मा, चांदी राम, अशोक माजरा, राजेंद्र लांबा, जयबीर माजरा आदि ने बैठक का आयोजन किया।

## डॉ. प्रियंका डब्ल्यूएएमएस सोसाइटी उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार से सम्मानित



**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रियंका दलाल को डब्ल्यूएएमएस सोसाइटी उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया है। डॉ. प्रियंका दलाल को यह सम्मान हैदराबाद में हुई वायरलेस एंटीना एंड माइक्रोवेव संगोष्ठी (डब्ल्यूएएमएस 2026) के दौरान प्रदान किया गया। इस पुरस्कार के साथ डा. प्रियंका दलाल को 10,000 की नकद राशि भी प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने डॉ. प्रियंका दलाल को इस उपलब्धि पर बधाई दी। डॉ. दलाल वर्ष 2022 से डब्ल्यूएएमएस सोसायटी में कार्यकारी समिति सदस्य एवं मेंबरशिप चेयर के रूप में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं और सोसायटी के विस्तार एवं गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस अवसर पर प्रो. विनोद छोकर, प्रो. एच.सी. गर्ग व प्रो. रमनीश ने डॉ. प्रियंका दलाल को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## पुलिस ने कार चोरी मामले में दो और आरोपियों को पकड़ा

**हिसार।** थाना अर्बन एस्टेट पुलिस ने त्रिकोना पार्क क्षेत्र से चोरी हुई कार के मामले में कार्रवाई करते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल तीन आरोपियों की गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना अर्बन एस्टेट प्रभारी निरीक्षक विकास ने बताया कि 18 जुलाई विद्युत नगर निवासी अभिषेक ने शिकायत दी थी कि उसकी कार दिल्ली रोड स्थित निरंकारी भवन रोड के पास त्रिकोना पार्क क्षेत्र से चोरी हो गई है। शिकायत पर पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की जांच के दौरान मुख्य सिपाही विजय कुमार ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पहले आरोपी विशाल उर्फ रिशाला निवासी दरियावाला, जिला जींद को गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर चोरी की गई कार दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में बरामद कर ली गई थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया था कि कार चोरी करने के बाद डाबड़ा चौक के पास उसका एक्सीडेंट हो गया था। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया।

## छाजू राम शिक्षण कॉलेज में मनाया कारगिल विजय दिवस


हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी।

**हिसार।** छाजू राम शिक्षण महाविद्यालय द्वारा मंगलवार को 1999 में भारतीय सेना के 'ऑपरेशन विजय' के अंतर्गत कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की निर्णायक विजय के रूप में मनाया गया। महाविद्यालय ने 527 भारतीय सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उनके शौर्य और अदम्य में साहस को नमन किया। प्रेम सुख ने कारगिल नायकों को श्रद्धा सुमन अर्पण करते हुए उनके जीवन और शौर्य की घटनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कारगिल विजय पर आधारित डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पूर्णिमा लोहान ने इन महानायकों को स्मरण करते हुए बताया कि हमें उनके आदर्शों पर चलकर देश और समाज की सेना करनी चाहिए, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर डॉ. शालिनी गुप्ता, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. पूनम राणा, सुनीता एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## यूनेस्को के वैश्विक सम्मेलन में छाया लुवास

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के विस्तार शिक्षा विशेषज्ञ एवं हरियाणा पशु विज्ञान केन्द्र, करनाल में कार्यरत डॉ. सुजॉय खन्ना ने फ्रांस के पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विश्वविद्यालय का सफल प्रतिनिधित्व किया। गत 15 से 17 जुलाई तक आयोजित 2026 ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑन द इंटरनेशनल डिकेड ऑफ साइंसेज फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट में विश्वभर के वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं और शोधकर्ताओं ने सतत विकास के वैश्विक मुद्दों पर मंथन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा व विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. गौतम ने डॉ. खन्ना को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंच विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, शोध और विस्तार गतिविधियों को वैश्विक पहचान दिलाते हैं। डॉ. सुजॉय खन्ना ने सतत पशुधन प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों, जैव-विविधता संरक्षण तथा वन हेल्थ जैसे तकनीकी सत्रों में सक्रिय भागीदारी की। डॉ. खन्ना ने महिलाओं व युवाओं के सशक्तिकरण, वैज्ञानिक तकनीकों के प्रसार और मीथेन उत्सर्जन में कमी लाकर जलवायु चुनौतियों से निपटने के लुवास के प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष रखा।


हिसार। वैश्विक सम्मेलन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के साथ डॉ. सुजॉय खन्ना।


हिसार। शानदार प्रदर्शन करने वाले विज्डम स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## जोनल क्विज प्रतियोगिता में विज्डम स्कूल का जलवा

**हिसार।** साउथ बाइपास स्थित विज्डम स्कूल के विद्यार्थियों ने सेंट कबीर स्कूल में आयोजित एएसआईएससी जोनल स्तरीय क्विज़ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में हिसार सहित विभिन्न शहरों के अनेक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सहज एवं सिमोनी की टीम ने उत्कृष्ट ज्ञान, त्वरित निर्णय क्षमता एवं बेहतरीन टीमवर्क का परिचय देते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सब-जूनियर वर्ग में कनिष्का एवं ख्यात ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम पिलानिया एवं प्रबंध निदेशक हरिपाल पिलानिया ने सभी विजेता विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## गुजवि के शिक्षक डॉ. हरदेव सैनी को एचएसएचईसी से मिला 18 लाख का शोध प्रोजेक्ट

# उन्नत थर्मोइलेक्ट्रिक चॉल्कोजेनाइड पदार्थों के उच्च तापमान गुणों पर होगा शोध

*ऊर्जा संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन तथा औद्योगिक क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने की दिशा में होगा महत्वपूर्ण योगदान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। गुजवि में डॉ. हरदेव सैनी को शोध प्रोजेक्ट मिलने पर बधाई देते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हरदेव सैनी को हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद (एचएसएचईसी) द्वारा 18 लाख रुपये का दो वर्षीय शोध प्रोजेक्ट स्वीकृत किया गया है। इस परियोजना के तहत उच्च तापमान पर कार्य करने वाले उन्नत थर्मोइलेक्ट्रिक चैल्कोजेनाइड पदार्थों की पहचान, संश्लेषण, फैब्रिकेशन एवं उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा। यह शोध ऊर्जा संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन तथा औद्योगिक क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस परियोजना में डॉ. हरदेव सैनी प्रधान अन्वेषक तथा डॉ. विवेक गुप्ता सह-प्रधान अन्वेषक के रूप में कार्य करेंगे। परियोजना का शीर्षक डेटा-ड्रिवन इंटीग्रेटेड डीपफेट स्क्रीनिंग एंड फैब्रिकेशन ऑफ रोबस्ट चौल्कोजेनाइड्स फॉर हाई टेम्परेचर थर्मोइलेक्ट्रिक एप्लीकेशंस है। डॉ. हरदेव सैनी ने बताया कि यह परियोजना अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से ऐसे पदार्थों की खोज और विकास पर केंद्रित है, जो अपशिष्ट ऊष्मा को उपयोगी विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित कर सकें। इस परियोजना में डीपफेट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तथा मशीन लर्निंग (एमएल) जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। इन तकनीकों की सहायता से विकसित की जाने वाली सामग्री औद्योगिक अपशिष्ट ऊष्मा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करने वाली ऊर्जा-कुशल तकनीकों के विकास में सहायक होगी।

### एआई आधारित अनुसंधान को मिलेगा बढ़ावा

परियोजना कम्प्यूटेशनल एवं प्रायोगिक अनुसंधान के समन्वय पर आधारित है। इसके माध्यम से शोधार्थियों को एआई आधारित मटेरियल डिजाइन, उन्नत डेटा विश्लेषण, आधुनिक प्रयोगात्मक तकनीकों तथा अत्याधुनिक अनुसंधान पद्धतियों का प्रशिक्षण भी मिलेगा। इससे विश्वविद्यालय में शोध संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और युवा वैज्ञानिकों को वैश्विक स्तर की अनुसंधान तकनीकों से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा।

### कुलपति ने डॉ. सैनी व टीम को दी बधाई

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस उपलब्धि पर डॉ. हरदेव सैनी और उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि गुजवि में उच्चस्तरीय शोध के लिए आधुनिक प्रयोगशालाएं, उन्नत उपकरण और अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं शोधार्थी निरंतर गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय को लगातार राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय शोध परियोजनाएं प्राप्त हो रही हैं।

## धोखाधड़ी मामले में एक और आरोपी काबू

**हिसार।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। साइबर धोखाधड़ी के एक मामले में पहले ही छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले की जांच के दौरान अब एक अन्य आरोपी राहुल शाजी को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि शिकायतकर्ता से साइबर ठगों द्वारा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी बनकर व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया गया था। आरोपी ने विश्वास में लेकर कंपनी के खाते से लाखों रुपये अन्य बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए थे। शिकायत प्राप्त होने पर थाना साइबर क्राइम हिसार ने कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी कड़ी में पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण, बैंकिंग ट्रेल तथा अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों के आधार पर बेंगलुरु से एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि साइबर अपराधियों के विरुद्ध हिसार पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।

सार्वजनिक सूचना
Waste Segregation
''एक कदम स्वच्छता की ओर''
गीला कचरा सूखा कचरा अलग-अलग करके दें, स्वच्छता की और बढ़े
आप सभी नगरवासियों से निवेदन है कि गीला कचरा हरे रंग के डस्टबिन मे डालें व सूखा कचरा नीले रंग के डस्टबिन में डालें व समय पर सफाई मित्र वाहन को देना सुनिश्चित करें।


गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग करके ही कूड़ेदान में डाले अपने आस-पास सफाई बनाएं और अपने कूड़े को बार खुले में मत डालें।
नगर पालिका सिवानी को साफ-सुथरा व स्वच्छ बनाएं रखने में हमारा सहयोग करें
नगर पालिका सिवानी
सौजन्य से
मैसर्ज द स्काईलाइन को-ऑप एल एंड सी सोसाइटी लिमिटेड, रोहतक
हेल्पलाइन नंबर 9350757787